भारत सरकार
भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय
भारी उद्योग विभाग

राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 1641
जिसका उत्तर बुधवार 30 नवंबर, 2016 को दिया जाना है

**हिन्दुस्तान केबल्स लिमिटेड के कर्मचारियों के लिए स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति योजना**

**1641. श्री विवेक गुप्ता:**

क्या भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) हिन्दुस्तान केबल्स लिमिटेड के कर्मचारियों को केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के लिए लागू नवीनतम वेतनमान के स्थान पर वर्ष 2007 के राष्ट्रीय वेतनमान पर स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति (वीआरएस/वीएसएस) दिए जाने के क्या कारण हैं;

(ख) क्या सरकार इस बात को मानती है कि यह कर्मचारियों के साथ अन्याय है;

(ग) यदि हां, तो क्या सरकार को नवीनतम वेतनमान के आधार पर वीआरएस/वीएसएस प्रदान किए जाने में कोई आपत्ति है;

(घ) कंपनियों के कर्मचारियों के ग्रेड, स्थिति तथा योग्यतानुसार उनका ब्यौरा क्या है;

(ङ) क्या सरकार की हिन्दुस्तान केबल्स लिमिटेड के कर्मचारियों को उसके अन्य केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में पुनः कौशल प्रदान करने और पुनः तैनात करने की योजना है; और

(च) यदि हां, तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

**उत्तर**
**भारी उद्योग और लोक उद्यम राज्य मंत्री**
**(श्री बाबुल सुप्रियो)**

**(क):** हिन्दुस्तान केबल्स लिमिटेड (एचसीएल) एक रुग्ण कंपनी है और वर्ष 2002 से बीआईएफआर को संदर्भित है। इसके उत्पादन कार्यकलाप फरवरी, 2003 से बंद हैं और कंपनी में कोई राजस्व अर्जन नहीं हो रहा है। भारत सरकार, इसके कर्मचारियों को वेतन और सांविधिक देयों के भुगतान के लिए समय-समय पर बजटीय सीमा के भीतर योजनेतर ऋण के रूप में निधि सहायता उपलब्ध करा रही है। भारी उद्योग एवं लोक उद्यम मंत्रालय द्वारा दिनांक 23.05.2001 को जारी किए गए शासकीय निर्देशों के माध्यम से 1997 के वेतन संशोधन को कार्यान्वित किया गया था। अगला वेतन संशोधन 1.1.2007 से देय था जिसे एचसीएल में लोक उद्यम विभाग के दिशानिर्देशों के अनुसार कार्यान्वित नहीं किया गया था क्योंकि यह कंपनी प्रचालन में नहीं थी। मंत्रिमंडल ने दिनांक 28.09.2016 को आयोजित अपनी बैठक में निर्णय लिया है कि एचसीएल को, लोक उद्यम विभाग के दिशानिर्देशों में छूट देते हुए, अपने कर्मचारियों को 2007 के वेतनमान, नवीनतम वेतनमान, नोशनल आधार पर वीआरएस/वीएसएस की पेशकश करके बंद कर दिया जाए।

**(ख):** जी, नहीं। एचसीएल के कर्मचारी 1997 के वेतनमानों में हैं। 2007 के नोशनल वेतनमानों में वीआरएस/वीएसएस अधिक उदार है और यह लोक उद्यम विभाग के दिशानिर्देशों में छूट में है।

**(ग):** उपर्युक्त (ख) को देखते हुए प्रश्न नहीं उठता।

**(घ):** एचसीएल से प्राप्त ब्यौरा अनुबंध-I के रूप में संलग्न है।

**(ङ) और (च):** लोक उद्यमों के कार्मिकों को सलाह, पुनर्प्रशिक्षण और पुनर्नियोजन (सीआरआर) के लिए लोक उद्यम विभाग की एक योजना है।

**अनुबंध-I**

## हिन्दुस्तान केबल्स लिमिटेड

| | महीने के अंत तक कर्मचारी (30.09.2016 के अनुसार) | **30.09.16 के** अनुसार जनशक्ति | भरे हुए पद (30.09.2016 के अनुसार) | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | पुरुष | महिला | योग | अजा | अजजा | अपिव | सामान्य | योग |
| 1 | | | **3** | **4** | **5(3+4)** | **6** | **7** | **8** | **9** | **10 (6 से 9)** |
| I. | कार्यपालक | 159 | 138 | 21 | 159 | 18 | 3 | 11 | 127 | 159 |
| II. | सहायक/पर्यवेक्षक | 266 | 246 | 20 | 266 | 46 | 8 | 52 | 160 | 266 |
| III. | स्टाफ और कामगार | 807 | 749 | 58 | 807 | 152 | 24 | 58 | 573 | 807 |
| IV. | योग (I से III) | **1232** | **1133** | **99** | **1232** | **216** | **35** | **121** | **860** | **1232** |

*********